प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में कल देर शाम हुई प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में जेओए (आईटी) कोड–817 के लिए गठित मंत्रिमण्डल उप–समिति की सिफारिशों को स्वीकृति प्रदान कर राज्य चयन आयोग को परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया आरम्भ करने के लिए अधिकृत कर दिया गया है। बैठक में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के सुचारू संचालन के लिए वाहन चालकों के 113 पद भरने को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने प्रदेश सचिवालय में सीधी भर्ती के माध्यम से लिपिक के 50 पद भरने की भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में विभिन्न विभागों में 31 मार्च, 2024 तक 7 वर्ष का सेवाकाल पूरा करने वाले चतुर्थ श्रेणी के अंशकालिक कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमण्डल ने राज्य सीआईडी में हिमाचल प्रदेश पुलिस साइबर लैब की स्थापना को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

अनुराग दौरा

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वह आज देहरा और सुजानपुर में नशामुक्त सुरक्षा युक्त बाईक रैली निकालेंगे। बाद में केन्द्रीय मंत्री का धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के संधोल, कोठवां, धलारा, झंगी, मढ़ी और कमलाह में जनसभाओं को सम्बोधित करने का कार्यक्रम है। अनुराग ठाकुर 15 मार्च को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के समोह और कुटलैहड़ क्षेत्र के दोघी में नशामुक्त सुरक्षायुक्त बाईक रैली में भाग लेंगे। इसके अलावा वे ऊना रेलवे स्टेशन से इंदौर चण्डीगढ़ एक्सप्रैस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भी रवाना करेंगे।

चिकित्सकों की हड़ताल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में कल चिकित्सा अधिकारी संघ के साथ आयोजित बैठक में संघ की विभिन्न मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसके उपरांत संघ द्वारा चिकित्सकों की हड़ताल को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉक्टर कठिन परिस्थितियों में निरंतर जनसेवा का दायित्व निभा रहे हैं और सरकार उनकी जायज मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का डॉयनमिक एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन सुनिश्चित करने के दृष्टिगत समिति का गठन किया गया है, जो तीन महीनों में संघ की मांगों को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंपेगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों व पैरा–मेडिकल कर्मचारियों के पदों को आवश्यकतानुसार भरना सुनिश्चित किया जाएगा।

ऑनलाईन नक्शे

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल 6 शहरी स्थानीय निकायों और शहरी एवं नगर नियोजन विभाग के अधीन आने वाले सभी नियोजन क्षेत्रों के लिए ऑनलाईन ऑटो–डीसीआर बिल्डिंग परमिशन सिस्टम का शुभारम्भ किया। इस ऑनलाइन प्रणाली में भवनों के नक्शे कम्प्यूटर द्वारा जांचे जाएंगे। 6 शहरी स्थानीय निकाय, नगर निगम शिमला एवं सोलन, बददी–बरोटीवाला–नालागढ़ विकास प्राधिकरण, नगर परिषद ठियोग व बद्दी, नगर पंचायत अर्की के अलावा शहरी एवं नगर नियोजन विभाग के अधीन आने वाले सभी नियोजन क्षेत्रों में इस प्रणाली के शुरू होने से आम लोगों को राहत मिलेगी और भवन निर्माण के नक्शों की स्वीकृति के लिए ऑनलाईन नए आवेदन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रणाली के आरम्भ होने से पंजीकृत आर्किटेक्ट 500 वर्ग तक के प्लाट तक आवासीय भवन निर्माण के लिए स्वयं अनुमति देने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली को शीघ्र ही सभी शहरी व स्थानीय निकायों में भी आरम्भ किया जाएगा।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रकाशित किया है। मंत्रिमंडल से जुडी खबर पर अमर उजाला और पंजाब केसरी ने एक जैसी सुर्खी दी है जेओए आईटी 817 का परिणाम घोषित करने को दी मंजूरी, 7 वर्ष वाले अंशकालिक बनेंगे वेतनभोगी दिव्य हिमाचल ने लिखा है –अब आएगा जेओए –817 का रिजल्ट , आपका फैसला ने लिखा है कैबिनेट ने जेओए आईटी अभ्यर्थियों को दी राहत। अमर उजाला ने लिखा है भाजपा ने हमीरपुर से अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप को दिया टिकट। दिव्य हिमाचल ने सुर्खी दी है अनुराग ठाकुर – सुरेश कश्यप सहित भाजपा ने घोषित किए 72 उम्मीदवार, दैनिक भास्कर के शब्द हैं हमीरपुर से 5 वीं बार अनुराग, शिमला से कश्यप को दूसरी बार मिला टिकट , हिमाचल दस्तक लिखता है हमीरपुर से अनुराग, शिमला से सुरेश कश्यप बीजेपी के उम्मीदवार। वहीं दैनिक सवेरा टाइम्स का शीर्षक है अनुराग ठाकुर 5 वीं बार हमीरपुर से लड़ेंगे चुनावं शिमला से सुरेश कश्यप पर दुबारा लगाया दांव। दैनिक जागरण का शीर्षक है पेंशनर्ज को इस माह मिलेगा सशोधित वेतन का एरियर।